# माननीय कैबिनेट मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा “ई-नगरसेवा मोबाइल ऐप” का शुभारम्भ

नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की एक महत्वपूर्ण नागरिक-केंद्रित डिजिटल गवर्नेंस पहल “ई-नगरसेवा मोबाइल ऐप” का औपचारिक शुभारम्भ माननीय कैबिनेट मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा, माननीय मंत्री, नगर विकास एवं ऊर्जा (उत्तर प्रदेश) द्वारा दिनांक 25 मई, 2026 को लखनऊ में नगर निगमों के माननीय महापौरों के साथ उनकी अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। बैठक में श्री पी. गुरु प्रसाद, आईएएस, प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश एवं श्री अनुज झा, आईएएस, निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश भी उपस्थित रहे। एनआईसी उत्तर प्रदेश की ओर से श्री शैलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एवं विभागाध्यक्ष, तथा सुश्री अपर्णा खरे, संयुक्त निदेशक (आईटी) ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया।




https://e-nagarsewaup.gov.in/ के माध्यम से संचालित ई-नगरसेवा प्लेटफॉर्म वर्तमान में उत्तर प्रदेश की 763 स्थानीय नगरीय निकायों की नगर सेवाओं को नागरिकों तक उपलब्ध करा रहा है। पोर्टल के माध्यम से नागरिक संपत्ति कर, नामांतरण, नवीन जल एवं सीवर संयोजन, ट्रेड लाइसेंस, शिकायत निवारण तथा अन्य संबंधित नगरीय निकाय सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

ई-नगरसेवा पोर्टल का सॉफ्टवेयर समाधान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी), उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र द्वारा श्री आशेष कुमार अग्रवाल, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, एनआईसी उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन तथा श्री शैलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एवं विभागाध्यक्ष, के तकनीकी पर्यवेक्षण में सुश्री अपर्णा खरे, संयुक्त निदेशक (आईटी) एवं श्रीमती दिव्यांशी कुशवाहा, उप निदेशक (आईटी) द्वारा विकसित किया गया है।




यह नई मोबाइल एप्लीकेशन नागरिकों को उनके स्मार्टफोन के माध्यम से इन सेवाओं तक सीधे पहुँच प्रदान करेगी, जिससे वे कहीं भी और कभी भी सुविधाजनक रूप से सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ऐप को सरल एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस के साथ विकसित किया गया है, जिससे त्वरित सेवा वितरण, ऑनलाइन भुगतान, आवेदन की स्थिति की निगरानी तथा शहरी स्थानीय निकायों के साथ पारदर्शी नागरिक संवाद सुनिश्चित किया जा सके।




ई-नगरसेवा मोबाइल ऐप का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को और अधिक सुदृढ़ बनाने, सेवाओं की पहुँच को बेहतर करने तथा नगर प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऐप को शीघ्र ही जनसामान्य के उपयोग हेतु गूगल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

*****

एनआईसी National Informatics Centre

# Hon'ble Cabinet Minister Shri Arvind Kumar Sharma Launches "e-NagarSewa Mobile App"

The **e-NagarSewa Mobile App**, a major citizen-centric digital governance initiative of the Urban Development Department, Government of Uttar Pradesh, was formally launched by **Hon'ble Cabinet Minister Shri Arvind Kumar Sharma**, Hon'ble Minister of Urban Development and Energy (Uttar Pradesh), during a meeting held on 25 May, 2026 in Lucknow under his chairmanship with the Hon'ble Mayors of Municipal Corporations. Shri P. Guruprasad, IAS, Principal Secretary, Housing & Urban Planning Department and Urban Development Department, Uttar Pradesh, and Shri Anuj Jha, IAS, Director, Directorate of Urban Local Bodies, Uttar Pradesh, were also present in the meeting. From NIC UP team, Shri Shailesh Srivastava, Senior Director (IT) and HoD, and Ms. Aparna Khare, Joint Director (IT), NIC Uttar Pradesh, participated in the meeting through online mode.




The e-NagarSewa platform, accessible through [https://e-nagarsewaup.gov.in/](https://e-nagarsewaup.gov.in/), currently caters to municipal services of **763 Urban Local Bodies (ULBs)** across Uttar Pradesh. Through the portal, citizens can avail a wide range of municipal services, including property tax, property mutation, new water and sewerage connections, trade licences, grievance redressal, and other related ULB services.

The software solution for the eNagarSewa portal has been developed by the National Informatics Centre (NIC), Uttar Pradesh State Centre, under the able guidance of Shri Ashesh Kumar Agrawal, Deputy Director General and State Informatics Officer, NIC Uttar Pradesh, and the technical supervision of Shri Shailesh Srivastava, Senior Director (IT) and HoD, by Ms. Aparna Khare, Joint Director (IT) and Mrs. Divyanshi Kushwaha, Deputy Director (IT).




**The newly launched mobile application extends these services directly to citizens** through their smartphones, enabling seamless and convenient access anytime and anywhere. The app has been designed to provide an easy-to-use digital interface for faster service delivery, online payments, application tracking, and transparent citizen interaction with Urban Local Bodies.




The launch of the e-NagarSewa Mobile App marks another important milestone towards strengthening digital governance, improving service accessibility, and enhancing transparency in municipal administration across Uttar Pradesh. This Mobile App will soon be made available for download on the Google Play Store for public use.

*****